कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड

रोजगार अधिसूचना संख्या सीओ/पी-आर/04/2025
ट्रैक मेंटेनर-IV और पॉइंट्स मैन (पूर्व ग्रुप “डी”) पद के लिए भर्ती

कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड
ट्रैक मेंटेनर और पॉइंट्स मैन (पूर्व ग्रुप "डी") पद के लिए भर्ती

| | |
|---|---|
| रोजगार अधिसूचना संख्या | सीओ/पी-आर/**04/2025** |
| रोजगार अधिसूचना दिनांक | **04/07/2025** |
| ऑनलाइन आवेदन खुली होने के तिथि | **23/07/2025** |
| परिक्षा शुल्क के साथ ऑनलाइन आवेदन बंद होने की तिथि | **12/08/2025 (23:55** घंटे**)** |

## 1. अनुदेश :

कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड (केआरसीएल) द्वारा इंजीनियरिंग और ऑपरेटिंग विभागों में ट्रैक मेंटेनर-IV और पॉइंट्स मैन के तत्कालिन ग्रुप डी पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आंमत्रित किए जाते हैं। केवल भूमिअधिग्रहित उम्मीदवार, अर्थात वे उम्मीदवार जिनकी भूमि कोंकण रेलवे परियोजना के लिए अधिग्रहित की गई है। (भूमि अधिग्रहण का प्रतिशत कुछ भी हो), ऐसे व्यक्ति स्वयं, उनके पति या पत्नी, बेटा, बेटी, पोता, पोती ही भूमिअधिग्रहित हो सकते हैं।

| अनु क्र. | विभाग | पद का नाम | चिकित्सा श्रेणी | यू आर | ईडब्ल्यू एस | एस सी | एस टी | कुल | एक्स एस एम् |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | सिविल इंजीनियरिंग | ट्रैक मेंटेनर-IV | A-3 | 23 | 4 | 5 | 3 | 35 | 7 |
| 4 | औपरेटिंग | पॉइंट्स मैन | A-2 | 29 | 6 | 7 | 2 | 44 | 9 |

**नोट: उपरोक्त रिक्तियों में प्रत्याशित (anticipated) रिक्तियां शामिल हैं।**

ऊपर दर्शाए गए पदों की संख्या अनंतिम है और कोंकण रेलवे की आवश्यकता के अनुसार बढ़ या घट सकती है। तदनुसार, कोंकण रेलवे अपनी वेबसाइट पर फिर से अद्यतन रिक्तियाँ प्रकाशित करेगी, जिसमें संशोधित रिक्तियों, यदि कोई हो, तो दर्शायी जाएगी।

यह अधिसूचना अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए लंबवत (vertical) आरक्षण और पूर्व सैनिकों के लिए क्षैतिज (horizontal) आरक्षण प्रदान करती है।

नोट: ईबीसी और ईडब्ल्यूएस अलग-अलग श्रेणियां हैं। ईबीसी उम्मीदवार किसी भी नौकरी आरक्षण के हकदार नहीं हैं।

यदि भूतपूर्व सैनिक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए आरक्षित रिक्तियो की भर्ती नहीं होती है तो ऐसी स्थिति में रिक्त पदों को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। अधिसूचना पूर्व-सैनिकों के लिए उनके समुदाय को ध्यान में न लेते हुए, जहां भी लागू एवं स्वीकार्य हो, क्षैतिज (horizontal) आरक्षण प्रदान करती है।

## 2. वेतनमान

| अनु क्र. | पद का नाम | **7** वें सीपीसी में वेतन स्तर | प्रारंभिक वेतन (रु) |
|---|---|---|---|
| 1 | पॉइंट्स मैन | लेवल –1 | 18000 |
| 2 | ट्रैक मेंटेनर - IV | लेवल –1 | 18000 |

## 3. इस अधिसूचना में प्रयुक्त संक्षिप्ताक्षर

| | |
|---|---|
| सामान्य | सीबीटी : कंप्यूटर आधारित टेस्ट<br>सीडीए : केंद्रीय महंगाई भत्ता<br>डीवी : दस्तावेज़ सत्यापन<br>एलटीआई : बाएं अंगूठे का निशान,<br>पीएसयू : सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम<br>पीईटी : शारीरिक क्षमता चाचणी<br>एमई : मेडिकल परीक्षा<br>पीएमएल : वेतन मैट्रिक्स स्तर |
| आरक्षण/आयु में छूट श्रेणी | ईडब्ल्यूएस : आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग<br>ईबीसी : आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग<br>एक्सएसएम : भूतपूर्व सैनिक<br>ओबीसी-सीएल : अन्य पिछड़ा वर्ग-क्रीमी लेयर<br>ओबीसी-एनसीएल : अन्य पिछड़ा वर्ग-गैर-क्रीमी लेयर<br>एससी : अनुसूचित जाति<br>एसटी : अनुसूचित जनजाति<br>यूआर : अनारक्षित (सामान्य)<br>एसएलएओ : विशेष भूमि अधिग्रहण अधिकारी<br>आरटीसी : अधिकार, हस्तांतरण और फसलों का भूमि रिकॉर्ड |
| संस्थाएं / परिषद /प्रमाण पत्र | केआरसीएल : कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड;<br>एनओसी : अनापत्ति प्रमाण पत्र। |

**4.1 पात्रता मापदंड - आयु सीमा: 18 से 45 वर्ष.**

सभी अधिसूचित पदों के लिए न्यूनतम आयु सीमा मानक है। अधिकतम आयु सीमा को एक बार अपवाद के रूप में 33 से बढ़ाकर 45 कर दिया गया है, ताकि कई भूमिहीन उम्मीदवारों को राहत मिल सके, जिनकी आयु सीमा पार हो गई है। आयु की गणना 01/08/2025 के अनुसार की जाएगी।

**4.2** नीचे दी गई तालिका में निम्नलिखित श्रेणियों/समुदायों के लिए अधिकतम आयु सीमा में छूट डीवी के समय अपेक्षित प्रमाणपत्र जमा करने के अधीन लागू है। उपयुक्त में दर्शाए गए के अनुसार, आयु में बारह वर्ष की छूट दी जाएगी ।

| अनु क्र. | समुदाय / श्रेणी | | अधिकतम आयु में छूट | अधिकतम आयु |
|---|---|---|---|---|
| 1 | एससी और एसटी उम्मीदवार | | 5 साल | 50 साल |
| 2 | सत्यापन के बाद कम से कम छह महीने की निरंतर सेवा वाले पूर्व सैनिक | भूतपूर्व सैनिक (यूआर और ईडब्ल्यूएस) | 3 वर्ष * | 48 साल |
| | | भूतपूर्व सैनिक (एससी और एसटी) | 8 वर्ष * | 53 साल |
| *आयु में छूट की गणना आयु से सेवा की अवधि घटाने के बाद की जाएगी। | | | | |

क) जो उम्मीदवार आरक्षित रिक्तियों के लिए आरक्षण चाहते हैं / या आयु में छूट चाहते हैं, उन्हें डीवी के समय निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी से मूल रूप में अपेक्षित/सम्बंधित प्रमाण पत्र जमा करना होगा। अन्यथा, एससी/एसटी/एक्सएसएम/ईडब्ल्यूएस स्थिति के लिए उनके दावे पर विचार नहीं किया जाएगा और उनकी उम्मीदवारी/आवेदन पर सामान्य (यूआर) श्रेणी के तहत विचार किया जाएगा, यदि पात्र हों। प्रमाणपत्र संलग्न प्रारूप के अनुसार होने चाहिए। किसी अन्य प्रारूप में प्राप्त प्रमाणपत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

ख) जिन सेवा कर्मियों को 12/08/2026 को या उससे पहले सैन्य से निवृत्ति की संभावना है, वे पूर्व सैनिक के रूप में इस रोजगार नोटिस के तहत आवेदन करने के पात्र हैं।
ग) यदि उम्मीदवार एक से अधिक आधार पर आयु में छूट के लिए पात्र हैं, तो उन्हें उन छूटों में से अधिकतम छूट मिलेगी जिसके लिए वे पात्र हैं (संचयी नहीं)।
घ) यूआर रिक्तियों के तहत आवेदन करने वाले एससी, एसटी और ओबीसी (एनसीएल) उम्मीदवारों को आयु में कोई छूट नहीं मिलेगी।

**4.3** उम्मीदवारों की जन्म तिथि नीचे दी गई तिथियों के बीच होनी चाहिए: (दोनों तिथियों को शामिल करते हुए )

| आयु समूह (वर्षों में): **18 - 45** वर्ष | | | |
|---|---|---|---|
| जन्म तिथि की अधिकतम सीमा (उल्लेखित तिथि से पहले नहीं) | | | जन्म तिथि की न्यूनतम सीमा (उल्लेखित तिथि के बाद नहीं) |
| सभी उम्मीदवार | यूआर और ईडब्ल्यूएस | एससी और एसटी | 01.08.2007 |
| | 01.08.1980 | 01.08.1975 | |

## 5.0 भूमि अधिग्रहित उम्मीदवार

भूमि अधिग्रहित उम्मीदवार को उस व्यक्ति के रूप में परिभाषित किया गया है जिसने कोंकण रेलवे मार्ग पर रोहा (महाराष्ट्र) से ठोकुर (कर्नाटक) के बीच कोंकण रेलवे परियोजना के लिए अपनी जमीन दी है, यानी जिसकी भूमि कोंकण रेलवे परियोजना के लिए अधिग्रहित की गई थी, (भूमि का प्रतिशत कितना भी अधिग्रहित किया गया हो) ऐसे व्यक्ति स्वयं उसका जीवनसाथी (पत्नी/पति), बेटा, बेटी, पोता, पोती ही पात्र हैं।

उपरोक्त परिभाषा के अनुसार, अब भूमि अधिग्रहित व्यक्ति के मातृ पक्ष की बेटी/पोती/पोता भी भूमि अधिग्रहित उम्मीदवार के रूप में आवेदन करने के लिए पात्र हैं।

कोंकण रेलवे की नीति प्रति अधिग्रहण केवल एक सदस्य को भर्ती करने की है, जिनकी भूमि कोंकण रेलवे (जनरल और ओबीसी-एनसीएल) द्वारा अधिग्रहित की गई है। हालाँकि, यह शर्त एससी/एसटी उम्मीदवारों पर लागू नहीं है। (उम्मीदवारों को कोंकण रेलवे की संशोधित भर्ती नीति दिनांक 16/03/2018, 29/08/2019 और 02/09/2020 को पढ़ना चाहिए, जो कोंकण रेलवे की वेबसाइट www.konkanrailway.com लिंक → विभाग - → कार्मिक - → भर्ती नीति) पर उपलब्ध है।

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अलावा वे भूमि अधिग्रहित उम्मीदवार, जिनके रिश्तेदार / एक ही भूमि सर्वेक्षण संख्या के संयुक्त मालिक पहले से ही कोंकण रेलवे में भर्ती हो चुके हैं, उसी भूमि अधिग्रहण के लिए भूमि अधिग्रहित हुए उम्मीदवार के रूप में आवेदन नहीं कर सकते हैं।

## 6.0 सीधा आरक्षण (vertical reservation):

**6.1** यह अधिसूचना आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस), अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और मौजूदा नियमों के तहत सीधा आरक्षण प्रदान करती है। वे समुदाय जो भारत सरकार द्वारा एससी और एसटी के रूप में मान्यता प्राप्त हैं, आरक्षण के लिए पात्र हैं।

नोट: ईबीसी और ईडब्ल्यूएस अलग-अलग श्रेणियां हैं। ईबीसी उम्मीदवार किसी भी नौकरी आरक्षण के हकदार नहीं हैं

**6.2** समुदाय का विचार किए बिना सभी उम्मीदवारों का सामान्य यानी अनारक्षित (यूआर) रिक्तियों के लिए विचार किया जाएगा (यूआर के लिए आवश्यक पात्रता शर्तों की पूर्ति के अधीन)। हालाँकि, विशिष्ट समूहों (जैसे, एससी, एसटी) के लिए आरक्षित रिक्तियां केवल उस समुदाय/श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों द्वारा भरी जाएंगी।

**6.3** इसलिए, ईडब्ल्यूएस, एससी, एसटी और ओबीसी-एनसीएल उम्मीदवार जो आवश्यक शैक्षिक योग्यताएं पूरी करते हैं, वे यूआर रिक्तियों के लिए भी आवेदन कर सकते हैं, जिसके लिए उन्हें परीक्षा के किसी भी चरण में आयु, योग्यता या अंक आदि में किसी छूट/रियायत के बिना सामान्य (गैर-आरक्षित) उम्मीदवारों के रूप में स्पर्धा करनी होगी। उम्मीदवारों को आवेदन में अपने वास्तविक समुदाय को दर्शाने की सलाह दी जाती है। ओबीसी-एनसीएल के लिए कोई पद आरक्षित नहीं है। इसलिए, ओबीसी के रूप में आवेदन करने वाले सभी उम्मीदवारों को अनारक्षित श्रेणी के लिए आवश्यक पात्रता शर्तों को पूरा करने के अधीन अनारक्षित उम्मीदवारों के रूप में माना जाएगा।

**6.4** आरक्षण का लाभ उठाने के लिए, ईडब्ल्यूएस, एससी, एसटी उम्मीदवारों को दस्तावेज़ सत्यापन के दौरान आवश्यक प्रमाण पत्र (मूल रूप में) प्रस्तुत करना होगा। प्रमाणपत्र सक्षम प्राधिकारियों द्वारा अनुलग्नक-IV (एससी और एसटी उम्मीदवारों के लिए) और अनुलग्नक-VII (ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए) में दिए गए प्रारूप के अनुसार जारी किए जाने चाहिए।

**6.5** महत्वपूर्ण**:** इस अधिसूचना के तहत आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि के अनुसार समुदाय/श्रेणी की स्थिति पर केवल पात्रता के अनुसार आरक्षण और संबंधित लाभों के लिए विचार किया जाएगा। इसके बाद इस स्थिति में किसी भी बदलाव पर विचार नहीं किया जाएगा।

**6.6** ईडब्ल्यूएस **(**आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग**)** आरक्षण**:**

ऐसे उम्मीदवार जो एससी/एसटी/ओबीसी-एनसीएल के लिए आरक्षण की योजना के अंतर्गत नहीं आते हैं और जिनके परिवार की सकल वार्षिक आय 8 लाख (आठ लाख रुपये) रुपये से कम है उन्हें ईडब्ल्यूएस के लिए आरक्षण के लाभ के लिए ईडब्ल्यूएस के रूप में ग्राह्य माना जाना है। आय में आवेदन के वर्ष से पहले के वित्तीय वर्ष के लिए सभी स्रोतों यानी वेतन, कृषि, व्यवसाय, पेशे आदि से आय भी शामिल होगी। इसके अलावा जिन उम्मीदवारों के परिवार के पास निम्नलिखित में से कोई भी संपत्ति है, उन्हें ईडब्ल्यूएस के रूप में पहचाने जाने से बाहर रखा जाएगा, भले ही पारिवारिक आय कुछ भी हो:

6.6.1 : 5 एकड़ और उससे अधिक कृषि भूमि;
6.6.2 : 1000 वर्ग फुट और उससे अधिक का आवासीय फ्लैट;
6.6.3 : अधिसूचित नगर पालिका में 100 वर्ग गज और उससे अधिक का आवासीय भूखंड;
6.6.4 : अधिसूचित नगर पालिका के अलावा अन्य क्षेत्रों में 200 वर्ग गज और उससे अधिक का आवासीय भूखंड।

ईडब्ल्यूएस स्थिति निर्धारित करने के लिए भूमि या संपत्ति स्वामित्व जांच लागू करते समय एक परिवार द्वारा विभिन्न स्थानों या विभिन्न स्थानों/शहरों में स्थित संपत्ति को जोड़ा जाएगा। इस प्रयोजन के लिए परिवार शब्द में वह व्यक्ति शामिल होगा जो आरक्षण का लाभ चाहता है, उसके माता-पिता और 18 वर्ष से कम आयु के भाई-बहन, साथ ही उसका जीवनसाथी और 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे भी शामिल होंगे। सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आय और संपत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ईडब्ल्यूएस के तहत आरक्षण का लाभ उठाया जा सकता है। अनुलग्नक VII में दिए गए निर्धारित प्रारूप में निम्नलिखित अधिकारियों में से किसी एक द्वारा जारी आय और संपत्ति प्रमाण पत्र केवल ईडब्ल्यूएस से संबंधित उम्मीदवार के दावे के रूप में स्वीकार किया जाएगा:

क) जिला मजिस्ट्रेट/अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट / कलेक्टर / उपायुक्त / अतिरिक्त उपायुक्त/प्रथम श्रेणी वजीफा मजिस्ट्रेट / उपविभागीय मजिस्ट्रेट / तालुका मजिस्ट्रेट / कार्यकारी मजिस्ट्रेट / अतिरिक्त सहायक आयुक्त

ख) मुख्य प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट/अतिरिक्त मुख्य प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट/प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट
ग) राजस्व अधिकारी, जो तहसीलदार के पद से नीचे का न हो
घ) उस क्षेत्र का उप-विभागीय अधिकारी जहां उम्मीदवार और/या उसका परिवार सामान्य रूप से रहता है।

ईडब्ल्यूएस के लिए आरक्षित रिक्तियों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के पास इस अधिसूचना के तहत आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि तक आय और संपत्ति प्रमाण पत्र होना चाहिए। तदनुसार, उन्हें ऑनलाइन आवेदन में प्रमाणपत्र संख्या, प्रमाणपत्र जारी करने की तारीख, जारी करने वाला प्राधिकारी, जिला और जारी करने का राज्य इत्यादि विवरण भरना होगा। इसके अलावा, इन उम्मीदवारों को दस्तावेज़ सत्यापन के दौरान वैध आय और संपत्ति प्रमाणपत्र भी प्रस्तुत करना आवश्यक है। इन शर्तों का अनुपालन न करने की स्थिति में, ईडब्ल्यूएस के तहत आरक्षित स्थिति के लिए उनके दावे पर विचार नहीं किया जाएगा और ऐसे उम्मीदवारों की उम्मीदवारी/आवेदन, यदि सामान्य (यूआर) श्रेणी के लिए सभी पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं, तो केवल सामान्य (यूआर) के तहत विचार किया जाएगा। ) रिक्तियों के लिए विचार किया जाएगा ।

### 7.0 HORIZONTAL RESERVATION समस्तरीय आरक्षण

**7.1** यह अधिसूचना भूत पूर्व सैनिकों (Ex.SM) के लिए उनके सामाजिक समुदाय का विचार किये बिना क्षैतिज आरक्षण का भी प्रावधान करती है।

**7.2** रिक्ति तालिका में दर्शाई गई कुल रिक्तियों में भूत पूर्व सैनिकों (Ex.SM) के लिए आरक्षित रिक्तियां भी शामिल हैं|

**7.3** भूत पूर्व (Ex.SM) उम्मीदवार किसी भी पद की अनारक्षित रिक्तियों के लिए भी आवेदन कर सकते हैं जो विशेष रूप से उनके लिए निर्धारित नहीं हैं। वे इन पदों के लिए आवेदन करते समय आयु सीमा में छूट और शुल्क में छूट के पात्र होंगे।

### 8.0 EX-SERVICEMEN: भूतपूर्व सैनिक

**8.1** भूतपूर्व सैनिक शब्द का अर्थ वह व्यक्ति है जिसने भारतीय संघ की नियमित सेना, नौसेना या वायु सेना में किसी भी पद पर (चाहे एक लड़ाकू या गैर-लड़ाकू के रूप में) सेवा की हो, लेकिन इसमें वह व्यक्ति शामिल नहीं है जिसने रक्षा सुरक्षा कोर, जनरल रिजर्व इंजीनियरिंग फोर्स, लोक सहायक सेना और अर्धसैनिक बल में सेवा की हो।

और

क) जो या तो अपने स्वयं के अनुरोध पर या अपनी पेंशन अर्जित करने के बाद नियोक्ता द्वारा कार्यमुक्त किया गया हो, ऐसी सेवा से सेवानिवृत्त या कार्यमुक्त या मुक्त किया गया हो; (या)

ख) जिसे सैन्य सेवा या उसके नियंत्रण से परे परिस्थितियों के कारण चिकित्सा आधार पर ऐसी सेवा से मुक्त कर दिया गया हो और उसे चिकित्सा या अन्य विकलांगता पेंशन से सम्मानित किया गया हो; (या)

ग) जिसे संस्थान में कमी के परिणामस्वरूप ऐसी सेवा से मुक्त कर दिया गया है; (या)

घ) जिसे अनुबंध की विशिष्ट अवधि पूरी करने के बाद, उसके स्वयं के अनुरोध के अलावा, या बर्खास्तगी के माध्यम से, या कदाचार या अक्षमता के कारण सेवामुक्त कर दिया गया हो और उसे ग्रेच्युटी दी गई हो; और इसमें प्रादेशिक सेना के कार्मिक शामिल हैं, अर्थात्, निरंतर सन्निहित सेवा या अर्हक सेवा के टूटे हुए दौर के लिए पेंशन धारक; (या)

ड) सेना डाक सेवा के कार्मिक जो नियमित सेना का हिस्सा हैं और पेंशन के साथ अपनी मूल सेवा में वापसी के बिना सेना डाक सेवा से सेवानिवृत्त हुए हैं, या सैन्य सेवा या उनके नियंत्रण से परे परिस्थितियों के कारण चिकित्सा आधार पर सेना डाक सेवा से मुक्त किए गए हैं और चिकित्सा या अन्य विकलांगता पेंशन प्रदान की गई हो (या)

च) कार्मिक जो 14 अप्रैल 1987 से पहले छह महीने से अधिक समय तक सेना डाक सेवा में प्रतिनियुक्ति पर थे; (या)

छ) प्रादेशिक सेना के कर्मियों सहित सशस्त्र बलों के वीरता पुरस्कार विजेता; (या)

ज) चिकिस्ता आधार पर सेवा से मुक्त किये गए पूर्व - रंगरूट, जिन्हे दिनांक 01.02.2006 से चिकिस्ता अक्षमता पेंशन प्रदान की गयी है|

**8.2** संघ के सशस्त्र बलों में सेवारत व्यक्ति, जो सेवा से सेवानिवृत्ति पर पूर्व सैनिकों की श्रेणी में आते हैं, सेवा कार्य की विशिष्ट शर्तों के पूरा होने से एक वर्ष पहले पुनः रोजगार के लिए आवेदन करने और उपलब्ध सभी रियायतों का लाभ उठा नेके पात्र हैं। लेकिन ऐसे व्यक्तियों को तब वर्दी छोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी जबतक कि वे संघ के सशत्र बलों में नियुक्ति की विशिष्ट शर्तों को पूरा नहीं कर लेते।

**8.3** तदनुसार, ऐसे सेवारत रक्षा कार्मिक, जिन्हें इस अधिसूचना के तहत आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि के एक वर्ष के भीतर (अर्थात, अधिसूचना की तिथि के अनुसार --2025 या उससे पहले) सेवामुक्त किया जाना है, वे भूत पूर्व सैनिकों के लिए निर्धारित रिक्तियों और उनके लिए आरक्षित नहीं किये गए पदों, दोनों के लिए भी आवेदन कर सकते हैं। हालाँकि, उनके पास इस अधिसूचना के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि (अर्थात, अधिसूचना की तिथि के अनुसार 2024) के अनुसार निर्धारित शैक्षिक योग्यता होनी चाहिए।

**8.4.**पूर्व सैनिक उम्मीदवार जो पहले से ही केंद्र सरकार के तहत समूह 'सी' और पूर्ववर्ती समूह 'डी' (पीएसयू, स्वायत्त निकायों / सांविधिक निकायों, राष्ट्रीयकृत बैंकों आदि सहित) में कार्यरत है, पूर्व सैनिकों को दिए गए लाभों का लाभ उठाने के बाद में, वे केवल केंद्र सरकार के तहत समूह 'सी' और पूर्ववर्ती समूह 'डी' में उच्च ग्रेड या कैडर में एक और नागरिक रोजगार हासिल करने के लिए पूर्व सैनिकों के लिए निर्धारित आयु में छूट का लाभ दिया जाएगा। ऐसे उम्मीद्वारों को केंद्र सरकार की नौकरियों में भूत पूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित रिक्तियों के लिए विचार नहीं किया जाएगा।

**8.5** यदि कोई पूर्व सैनिक किसी सिविल रोजगार के लिए कार्यभार प्राप्त करने से पूर्व विभिन्न रिक्तियों के तहत आवेदन करता है, तो वह किसी भी अनुवर्ती रोजगार के लिए पूर्व सैनिक के रूप में आरक्षण का लाभ उठा सकता है, बशर्त की पूर्व सैनिको को किसी सिविल रोजगार में कार्यभार ग्रहण करने पर अपने सम्बंधित नियोक्ता के सम्मुख इस अधिसूचना के अंतर्गत दिए गए आवेदन के साथ अनेक रिक्तियों के लिए आवेदन के विवरण के बारे में संबंधित नियोक्ता को स्व-घोषणा/वचनपत्र देना चाहिए। सिविल नियोक्ता से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण पत्र (--) सहित इस घोषणा की पावती दस्तावेज सत्यापन के समय प्रस्तुत की जानी चाहिए अन्यथा उनकी उम्मीदवारी रद्द की जाएगी। इसके अलावा, यह लाभ केवल उन रिक्तियों के संबंध में उपलब्ध होगा जो सीधी भर्ती से भरी गई हैं और जहां भी भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण लागू है।

## 9.0 शैक्षणिक योग्यता

(a) कृपया प्रत्येक पद के लिए निर्धारित योग्यता के लिए पोस्ट पैरामीटर तालिका (अनुलग्नक-ए) देखें।

(b) निर्धारित शैक्षिक योग्यता की अंतिम परीक्षा में शामिल होने वाले और/या परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे उम्मीदवार भी आवेदन कर सकते हैं। हालाँकि, उन्हें दस्तावेज़ सत्यापन के समय शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने का अपेक्षित प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा, अन्यथा उनकी उम्मीदवारी रद्द की जाएगी।

## 10.0. HOW TO APPLY **आवेदन कैसे करें**

### Preference of Post: **पद के लिए प्राथमिकता**:

पीएमएल-1 में विविध पदों, उनके विवरण और अन्य आवश्यकताएँ इस अधिसूचना के पैरा (2) और (3) में दर्शाया गया हैं। उम्मीदवारों को अपनी पद-वार प्राथमिकता बहुत सावधानी से बतानी होगी। ऑनलाइन आवेदन में एक बार चुने गए विकल्प अंतिम होंगे और परिवर्तन के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। इसलिए, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे पद (पदों) के लिए विकल्प चुनते समय सावधानी बरतें। कोंकण रेलवे चयनित उम्मीदवार को योग्यता, रिक्ति स्थिति और चयन प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में योग्यता के आधार पर उम्मीदवार की प्राथमिकता के अनुसार केवल एक पद आबंटित करेगा।

नोट: यदि सूचीबद्ध उम्मीदवार आबंटित पद के लिए अनिच्छा/मना करता है, तो ऐसे उम्मीदवार पर आगे की चयन प्रक्रिया के लिए विचार नहीं किया जाएगा और इस अधिसूचना के लिए ऐसे उम्मीदवार को कोई वैकल्पिक पद आबंटित नहीं दिया जाएगा।

ए) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे केवल कोंकण रेलवे की आधिकृत वेबसाइट यानी www.konkanrailway.com पर जाएं और फर्जी वेबसाइटों और नौकरी रैकेटर्स के बारे में बहुत सावधान रहें।

बी ) उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि तक पद के लिए निर्धारित सभी पात्रता शर्तों को पूरा करें।

सी ) जो उम्मीदवार आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि तक पद के लिए निर्धारित सभी पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं,वे अपनी प्राथमिकता के क्रम में एकल आवेदन में एक या एक से अधिक पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं,जिसके लिए उम्मीदवार आवेदन करने के लिए पात्र और इच्छुक हैं। उम्मीदवारों द्वारा सीबीटी परीक्षा के लिए निर्धारित परीक्षा शुल्क का भुगतान ऑनलाइन आवेदन भरते समय करना है। किसी उम्मीदवार द्वारा इस अधिसूचना के तहत एक से अधिक आवेदन जमा करने के किसी भी प्रयास के परिणामस्वरूप सभी आवेदनों को अस्वीकार किए जाएंगे और इस अधिसूचना की चयन प्रक्रिया से अयोग्य और वंचित किया जाएगा।

परीक्षा शुल्क और भुगतान के तरीके के बारे में विवरण के लिए, उम्मीदवारों को इस अधिसूचना पैरा क्रमांक 16 और 17 देखने की सलाह दी जाती है।

डी) सीबीटी के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की पात्रता केवल ऑनलाइन आवेदन में दी गई जानकारी के आधार पर ही मानी जाएगी। यदि भर्ती के किसी भी चरण में या उसके बाद, यह पाया जाता है कि उम्मीदवार द्वारा अपने आवेदन में दी गई कोई भी जानकारी झूठी/गलत है या उम्मीदवार ने कोई प्रासंगिक जानकारी छिपाई है या उम्मीदवार पद के लिए पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है,तो उसकी उम्मीदवारी तुरंत खारिज कर दी जाएगी।

ई ) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन भरने से पहले अधिसूचना में विस्तृत सभी जानकारी और निर्देशों को अच्छी तरह से पढ़ लें और कोंकण रेलवे की अधिकृत वेबसाइट पर दिए गए लिंक पर क्लिक करके आवेदन करे। आवेदन भरते समय किसी भी गलती से बचने के लिए यह आवश्यक है कि उम्मीदवार अधिसूचना की सभी जानकारी ठीक से समझें ।

एफ) उम्मीदवारों के पास अपना मोबाइल नंबर, व्यक्तिगत ईमेल आईडी वैध और सक्रिय होनी चाहिए और उन्हें भर्ती की पूरी अवधि के दौरान सक्रिय रखना चाहिए क्योंकि कोंकण रेलवे भर्ती पूरी तरह से समाप्त होने तक भर्ती संबंधी सभी पत्राचार केवल एसएमएस और ईमेल के माध्यम से भेजेगा। कोंकण रेलवे किसी भी स्तर पर मोबाइल नंबर और ई-मेल पते में बदलाव के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं करेगा।

जी) उम्मीदवार को अपना नाम, पिता का नाम और जन्मतिथि केवल मैट्रिक/एसएसएलसी/हाई स्कूल परीक्षा प्रमाण-पत्र या समकक्ष प्रमाण-पत्र में दर्ज हो उसी तरह दर्ज करनी चाहिए।

एच) नाम परिवर्तन के मामलों में, उम्मीदवारों को अपना परिवर्तित नाम केवल ऑनलाइन आवेदन में ही अंकित करना चाहिए। हालाँकि, अन्य विवरण मैट्रिकुलेशन या समकक्ष प्रमाणपत्र से मेल खाना चाहिए। ऐसे परिवर्तन की तिथि (या) ऐसे परिवर्तन के लिए आवेदन ऑनलाइन जमा करने की तिथि से पहले की होनी चाहिए। ऐसे मामलों के लिए लागू राजपत्र अधिसूचना या कोई अन्य कानूनी दस्तावेज डीवी के समय प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

आई ) उम्मीदवारों द्वारा ऑनलाइन आवेदन तेजी से भरना सुनिश्चित करने के लिए, उन्हें आवेदन भरने से पहले निम्नलिखित अनिवार्य दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रति तैयार रखनी चाहिए:

i) हाल हि में लिया गया जेपीईजी फोटो (आकार 80 से 100 केबी) स्पष्ट रंगीन पासपोर्ट आकार का फोटो (सिधे सफ़ेद बैकग्राउंड पर ) - काले चश्मे और / या टोपी के बिना।

नोट: भर्ती प्रक्रिया के दौरान भविष्य में उपयोग के लिए उम्मीदवारों के पास एक ही फोटो की कम से कम 12 (बारह) प्रतियां होनी चाहिए।

- उम्मीदवार के हस्ताक्षर की स्कैन की गई JPEG इमेज (साइज 80 से 100 केबी)
- एससी/एसटी प्रमाण- पत्र (केवल ट्रेन यात्रा के लिए मुफ्त पास का अनुरोध करने वाले उम्मीदवारों के लिए) पीडीएफ प्रारूप में (200 केबी से 1 एमबी तक);
- "अल्पसंख्यक समुदाय घोषणा" के लिए हलफनामा, जैसा भी मामला हो, पीडीएफ प्रारूप में (200 केबी से 1 एमबी तक);
- एसएलएओ द्वारा जारी भूमि अधिग्रहित प्रमाण पत्र की स्व-सत्यापित फोटोकॉपी, अनुलग्नक-I के रूप में पीडीएफ प्रारूप में (200 केबी से 1 एमबी तक);
- तहसीलदार द्वारा जारी प्रमाण पत्र की स्व-सत्यापित फोटोकॉपी, जिसमें भूमि अधिग्रहित की कुल भूमि के संबंध में खोई गई भूमि का प्रतिशत दर्शाया गया हो - अनुलग्नक-II के अनुसार (सभी सर्वेक्षण संख्याओं सहित)। एसएलएओ और तहसीलदार प्रमाण पत्रों पर विवरण पीडीएफ प्रारूप में मेल खाना चाहिए (200 केबी से 1 एमबी तक);
- आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग (ईबीसी) के उम्मीदवारों के मामले में वैध आय प्रमाण पत्र की स्व-सत्यापित फोटोकॉपी, अनुलग्नक-V के रूप में पीडीएफ प्रारूप में (200 केबी से 1 एमबी तक)

जे) उम्मीदवारों को भर्ती प्रक्रिया के विभिन्न चरणों या इस अधिसूचना के बारे में किसी भी बदलाव के बारे में अद्ययावत जानकारी प्राप्त करने के लिए लगातार कोंकण रेलवे की वेबसाइट देखने की सलाह दी जाती है।

के ) वैध दस्तावेजों के साथ यह साबित करने की जिम्मेदारी उम्मीदवारों पर है कि ऑनलाइन आवेदन में उनके द्वारा जमा की गई सभी जानकारी सही है।

एल) पंजीकरण प्रक्रिया और ऑनलाइन आवेदन भरना: उम्मीदवारों को सबसे पहले कोंकण रेलवे की अधिकृत वेबसाइट www.konkanrailway.com पर जाकर अपना नाम पंजीकृत करना होगा। सफल पंजीकरण पर, एक पंजीकरण क्रमांक तैयार होगा। यह पंजीकरण क्रमांक और पासवर्ड उम्मीदवारों को पंजीकृत ईमेल और मोबाइल नंबर के माध्यम से भेजा जाएगा। इसके अलावा पंजीकरण क्रमांक और पासवर्ड के साथ आवेदन करने के लिए एक लिंक उम्मीदवारों के पंजीकृत ई-मेल पर भेजा जाएगा। इस लिंक को क्लिक करने के बाद उम्मीदवार आवेदन प्रपत्र तक पहुँच सकते है|

एम) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन पत्र की एक मुद्रित प्रति अपने पास रखें। हालाँकि, किसी भी परिस्थिति में किसी भी उम्मीदवार को आवेदन या किसी दस्तावेज़ की कोई हार्ड या सॉफ्ट कॉपी कोंकण रेलवे को नहीं भेजनी चाहिए। इसे केवल दस्तावेज सत्यापन के समय ही प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

एन) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे भर्ती प्रक्रिया के आगे के चरणों और पत्राचार के लिए अपना पंजीकरण क्रमांक नोट कर लें और सुरक्षित रखें।

अंतिम समय में देरी होने से बचने के लिए, उम्मीदवारों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि से बहुत पहले ऑनलाइन आवेदन जमा करें क्योंकि अंतिम समय में इंटरनेट या वेबसाइट पर भारी लोड के कारण वेबसाइट पर लॉग इन करने में असमर्थता/विफलता की संभावना हो सकती है।

ऑनलाइन आवेदन भरते समय इंटरनेट समस्या के कारण भुगतान के लेन-देन और आवेदन जमा करने में किसी भी विफलता के लिए कोंकण रेलवे जिम्मेदार नहीं है।

नोट: ऑनलाइन आवेदन दर्ज करते समय किसी भी आवेदन संबंधी कठिनाइयों/प्रश्नों के लिए कृपया रिक्रूटमेंट सेल हेल्प डेस्क मेल आईडी- "रिक्रूटमेंट सेल हेल्प डेस्क" helpdskrect cell@krcl.co.in पर मेल करें। केवल आवेदन संबंधी प्रश्नों का समाधान किया जाएगा और उम्मीदवारों की मेल आईडी पर मेल किया जाएगा। उपरोक्त हेल्प डेस्क मेल आईडी में किसी भी व्यक्तिगत शिकायत पर विचार नहीं किया जाएगा। हेल्प डेस्क मेल आईडी केवल ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि तक सक्रिय रहेगी।

## 11.0 अमान्य आवेदन/अस्वीकृति:

ऑनलाइन आवेदन अन्य कारणों के साथ-साथ निम्नलिखित आधारों पर अस्वीकृति के लिए उत्तरदायी हैं:

- ब्लैक एंड व्हाइट फोटो, टोपी के साथ फोटो या चश्मा/गहरा चश्मा पहने हुए फोटो के कारण अमान्य। ऐसी तस्वीरें जो विकृत हों, आकार छोटा, पूरा शरीर, चेहरे का केवल एक तरफ का दृश्य, पहचान में न आने वाली तस्वीरें, फोटो की फोटोस्टेट कॉपी, ग्रुप फोटो और बिना फोटो के ऑनलाइन आवेदन, कैपिटल लेटर में उम्मीदवार के हस्ताक्षर।

- कोई अन्य अनियमितता जो कोंकण रेलवे द्वारा देखी गई और अमान्य मानी गई हो।

- यदि आवेदन खारिज कर दिया जाता है, तो उम्मीदवार कोंकण रेलवे की वेबसाइट पर अस्वीकृति के कारण के साथ अपनी स्थिति ऑनलाइन देख सकेंगे, जो अंतिम और बाध्यकारी है और इस विषय पर आगे कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा। आवेदन अस्वीकृत होने पर परीक्षा शुल्क वापस नहीं किया जाएगा। उम्मीदवारों को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबरों और ई-मेल आईडी पर एसएमएस और ई-मेल अलर्ट भी भेजे जाएंगे, जैसा कि उनके ऑनलाइन आवेदन में दर्शाया गया है। उम्मीदवार को डाक द्वारा सूचित नहीं किया जाएगा।

- रेलवे या पीएसयू सहित किसी भी केंद्रीय/राज्य सरकार के विभाग में सेवारत (प्रारंभिक प्रशिक्षण/परिवीक्षा अवधि के दौरान लोगों सहित) उम्मीदवार अपने नियोक्ता को सूचित करते हुए सीधे कोंकण रेलवे को आवेदन कर सकते हैं। हालाँकि, शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को अपने डीवी की तारीख पर नियोक्ता से एनओसी प्रस्तुत करना होगा, अन्यथा उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

उम्मीदवारों को ध्यान देना चाहिए कि यदि कोंकण रेलवे द्वारा उनके नियोक्ता से परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले/उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों की अनुमति रोकने के लिए कोई पत्राचार प्राप्त होता है, तो उनका आवेदन/उम्मीदवारी अस्वीकृत/रद्द कर दी जाएगी।

## 12.0 भर्ती प्रक्रिया

**12.1** पॉइंट्समैन और ट्रैक मेंटेनर के पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया में सीबीटी के बाद दस्तावेज़ सत्यापन, शारीरिक क्षमता परीक्षा (पीईटी) और मेडिकल परीक्षा शामिल होगी।

सीबीटी में अर्हता प्राप्त करने वाले अधिसूचित रिक्तियों की संख्या के पांच गुना के बराबर उम्मीदवारों को दस्तावेज़ सत्यापन (डीवी) के लिए बुलाया जाएगा। सीबीटी और डीवी में अर्हता प्राप्त करने वाले अधिसूचित रिक्तियों की संख्या के तीन गुना के बराबर उम्मीदवारों को पीईटी के लिए बुलाया जाएगा। पीईटी योग्यता मापन का साधन है ।

सीबीटी और अन्य अतिरिक्त गतिविधि के लिए तिथि, समय और स्थान, जैसा लागू हो, कोंकण रेलवे द्वारा तय किया जाएगा और पात्र उम्मीदवारों को सूचित किया जाएगा। इस संबंध में किसी भी संशोधन के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

सीबीटी शहर: आवेदक ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय ड्रॉप डाउन मेनू से अपनी पसंद के अनुसार कोई भी तीन टेस्ट शहर चुन सकता है। उपलब्धता के आधार पर तीन पसंदीदा टेस्ट शहरों में से एक आवंटित किया जाएगा। दुर्लभ मामले में, यदि किसी आवेदक को पसंदीदा टेस्ट शहरों में से कोई भी आवंटित नहीं किया जाता है, तो आवेदक को पास के उपलब्ध टेस्ट शहर में आवंटित किया जाएगा।

**12.2 सीबीटी :** सीबीटी परीक्षाएं सम्भवता 2025 के सितम्बर महीने में निर्धारित हैं।

सीबीटी एक स्क्रीनिंग प्रक्रिया है और सीबीटी के लिए प्रश्नों का मानक आम तौर पर पद के लिए निर्धारित शैक्षिक मानकों की योग्यता के अनुरूप होगा।

**निगेटिव मार्किग :** सीबीटी में गलत उत्तरों के लिए नकारात्मक अंकन होगा। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंकों में से 1/3 अंक काट लिया जाएगा।

**12.3 प्रतिबंधित वस्तुएँ :** उम्मीदवार संचार उपकरण और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स (मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस, पेन ड्राइव, लैपटॉप, कैलकुलेटर, स्मार्ट घड़ियाँ), चूड़ियाँ, चेन, कंगन, श्रवण यंत्र, वॉलेट / पर्स, धातु के वस्त्र आदि जैसी प्रतिबंधित वस्तुएँ और पेन/पेंसिल जैसी किसी भी स्टेशनरी वस्तु को परीक्षा के दौरान ले जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस निर्देश का उल्लंघन करने पर अयोग्यता के अलावा कानूनी कार्रवाई की जाएगी और कोंकण रेलवे की भविष्य की परीक्षाओं से वंचित किया जाएगा।

सामान को सुरक्षित रखने के लिए क्लॉक रूम की व्यवस्था परीक्षा स्थलों पर उपलब्ध नहीं हो सकती है। इसलिए, उम्मीदवारों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा स्थल पर मोबाइल फोन आदि सहित कोई भी मूल्यवान/प्रतिबंधित वस्तु न लाएं। सीबीटी स्थल पर लाई गई ऐसी किसी भी वस्तु के नुकसान के लिए कोंकण रेलवे प्रबंधन जिम्मेदार नहीं होगा।

**12.4** सीबीटी**-** उत्तिर्ण होने के अंक

भर्ती की आगे की प्रक्रिया के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए आवश्यक अंकों का न्यूनतम प्रतिशत विभिन्न श्रेणियों के लिए निम्नानुसार होगा।

| पद | यूआर और ईडब्ल्यूएस | एससी और एसटी |
|---|---|---|
| पूर्ववर्ती ग्रुप**-**डी **(**पीएमएल**-1)** ट्रैक मेंटेनर **IV** और पॉइंट्स मैन | 40% | 30% |

नोट**:** ऊपर उल्लिखित न्यूनतम योग्यता अंक हैं। यदि आवश्यक संख्या से अधिक उम्मीदवार न्यूनतम योग्यता अंक प्राप्त करने में सक्षम हैं, तो कट-ऑफ योग्यता अंकों से अधिक हो सकता है।

**12.5 सीबीटी- पैटर्न और सिलेबस**

**सीबीटी पैटर्न -** सीबीटी 5 भाषाओं (अंग्रेजी, हिंदी, मराठी, कोंकणी और कन्नड़) में होगी। उम्मीदवार को इनमें से किसी एक भाषा का चयन करना होगा।

नोट**:** विभिन्न संस्करणों के बीच किसी भी विसंगति के मामले में**,** अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा

**12.5.1** ट्रैक मेंटेनर और पॉइंट्स मैन  के लिए अनुभाग वार बहुविकल्पीय प्रश्नों (एमसीक्यू) की संख्या और अंक नीचे दिए गए हैं।

| परीक्षा अवधि मिनटों में | प्रश्नों की संख्या (प्रत्येक 1 अंक) | | | प्रश्नों की कुल संख्या |
|---|---|---|---|---|
| | बेसिक विज्ञान | बेसिक गणित | सामान्य जागरूकता और समसामयिक मामले | |
| 90 | 20 | 30 | 50 | 100 |

उपरोक्त तालिकाओं में दिया गया अनुभागवार वितरण केवल सांकेतिक है। वास्तविक प्रश्नपत्रों में कुछ बदलाव हो सकते हैं।

**12.6 प्रश्न बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रकार के होंगे और इनमें निम्नलिखित से संबंधित प्रश्न शामिल होने की संभावना है।:**

बेसिक विज्ञान **:** सातवीं कक्षा के स्तर का भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीवन विज्ञान ।
बेसिक गणित **:** सातवीं कक्षा के स्तर के संख्या प्रणाली, दशमलव, फ्रेक्शन, एलसीएम, एचसीएफ, रेशो और प्रमोशन, प्रतिशत, क्षेत्रमिति, टाइम और वर्क, समय और दूरी,सरल और चक्रवृद्धि ब्याज, लाभ और हानि, प्राथमिक बीजगणित, जिओमेट्री और त्रिकोणमिति, प्राथमिक सांख्यिकी आदि ।

सामान्य जागरूकता और समसामयिक मामले **:** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, खेल, इतिहास, भूगोल, संस्कृति, व्यक्तित्व, अर्थशास्त्र, राजनीति और अन्य महत्वपूर्ण विषय।

उपर्युक्त सूची संपूर्ण नहीं है और अन्य संबंधित विषयों पर भी प्रश्न पूछे जा सकते हैं।

**12.7 उत्तर कुंजी पर आपत्ति:** सीबीटी के बाद कोंकण रेलवे की वेबसाइट (www.konkanrailway.com) पर एक लिंक दिया जाएगा जिससे सीबीटी में शामिल हुए उम्मीदवार अपने प्रश्न पत्र, जवाब और उत्तर कुंजी देख सकेंगे। इन विवरणों को देखने के बाद, प्रकाशित प्रश्नों, विकल्पों और कुंजियों के बारे में आपत्तियां, यदि कोई हों, उम्मीदवार उठा सकते हैं, जिसके लिए कोंकण रेलवे की वेबसाइट पर एक शेड्यूल प्रकाशित किया जाएगा। उम्मीदवार प्रत्येक आपत्ति के लिए 59 रुपये (50 रुपये का लागू शुल्क + जीएसटी @ 18%) + गेटवे शुल्क का भुगतान, यदि कोई हो, का भुगतान करके अपनी आपत्तियां ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं। यदि आपत्ति सही है, तो ऐसी वैध आपत्तियों के खिलाफ भुगतान किया गया शुल्क उम्मीदवार को वापस कर दिया जाएगा, जिसमें लागू बैंक शुल्क काट लिया जाएगा।

### 13.0 अंकों का सामान्यीकरण

जब भी सीबीटी एक ही पाठ्यक्रम के लिए कई सत्रों में आयोजित किया जाता है, तो विभिन्न चरणों के लिए उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग उनके द्वारा प्राप्त सामान्यीकृत अंकों के आधार पर की जाएगी। सीबीटी के लिए अपनाई जाने वाली सामान्यीकरण योजना निम्नलिखित पैराग्राफ में विस्तृत है।

Normalization mark of j[th] candidate in i[th] session $\widehat{M_{ij}}$ is given by :

$$\widehat{M_{ij}} = \frac{\overline{M}_t^g - M_q^g}{\overline{M_{ti}} - M_{iq}}(M_{ij} - M_{iq}) + M_q^g$$

$M_{ij}$ : is the actual marks obtained by the j[th] candidate in i[th] session.

$\overline{M}_t^g$ : is the average marks of the top 0.1% of the candidates considering all sessions.

$M_q^g$ : is the sum of mean and standard deviation marks of the candidates in the paper considering all sessions.

$\overline{M_{ti}}$ : is the average marks of the top 0.1% of the candidates in the i[th] session or marks of topper if session strength is less than 1000.

$M_{iq}$ : is the sum of the mean marks and standard deviation of the i[th] session.

## 14.0 शारीरिक क्षमता परीक्षण (पीईटी):

शारीरिक क्षमता परीक्षा (पीईटी) के लिए निम्नलिखित मानदंडों का पालन किया जाएगा:

पुरुष: एक बार में 4 मिनट 15 सेकंड में 1000 मीटर की दूरी दौड़ने में सक्षम होना चाहिए।

महिला: एक बार में 3 मिनट 10 सेकंड में 400 मीटर की दूरी दौड़ने में सक्षम होना चाहिए।

## 15.0 पदों के लिए चिकित्सा मानक:

डीवी (दस्तावेज सत्यापन) के लिए बुलाए गए और शारीरिक क्षमता में पात्र पाए गए उम्मीदवारों को अधिसूचित रिक्तियों की पद सीमा तक अपने अंतिम पैनल में शामिल होने से पहले अपेक्षित चिकित्सा परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी। चिकित्सा परीक्षण का खर्च उम्मीदवार द्वारा वहन किया जाएगा। दृश्य तीक्ष्णता मानक कोंकण रेलवे कर्मचारियों की चिकित्सा फिटनेस के महत्वपूर्ण मानदंडों में से एक है। विभिन्न श्रेणियों के लिए अलग-अलग चिकित्सा मानकों के अनुसार चिकित्सा आवश्यकताएँ नीचे दी गई हैं:

| क्र. सं. | चिकित्सा मानक | सामान्य स्वास्थ्य | दृष्टि मानक |
|---|---|---|---|
| 1 | ए-2 | शारीरिक रूप से हर तरह से फिट | दूर दृष्टि-6/9, 6/9 बिना चश्मे के।<br>निकट दृष्टि-एसएन:0.6,0.6 और रंग दृष्टि,दूरबीन दृष्टि, रात्रि दृष्टि और मायोपिक दृष्टि का परीक्षण पास करना होगा |
